## एक नजर में



### खेल प्रतियोगिता में लखेरा ने लिया खिलाड़ियों से परिचय

**भैरुंदा.** सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भाजपा नेता एवं पिछड़ा वर्ग महापंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश लखेरा ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कराकर मुकाबले की शुरुआत कराई. खिलाड़ियों व मौजूद दर्शकों को संबोधित करते हुए लखेरा ने कहा कि क्रिकेट भारत के सबसे लोकप्रिय खेलों में है और हमारे देश के कई खिलाड़ियों ने इसी खेल के माध्यम से अपना जीवन संवारते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम ऊंचा किया है. उन्होंने ग्रामीण और छोटे कस्बों के प्रतिभाशाली युवाओं को मंच देने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं को बेहद महत्वपूर्ण बताया.



### शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर पहुंचीं कलेक्ट्रेट

**सीहोर.** चुपाड़िया गांव में खोली गई शराब की दुकान बंद करा दीजिए. नशा करने के लिए हमारे पति मारपीट करते है, घर ग्रहस्थी का समान अनाज भी बेच देते है, शराब ने जीवन खराब कर दिया है,युवा बच्चों के नए रिश्ते भी नहीं हो पा रहे हैं. यह बात मंगलवार को घूंघट में ग्राम चुपाड़िया से सरपंच सुनीता मुकेश परमाल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं ने जनसुनवाई में मौजूद अफसरों से कहीं. महिलाओं ने बताया कि शराब का ठेका मुसीबत बना हुआ है बच्चों का स्कूल जाना, श्रद्धालुओं का मंदिर जाना, हाट बाजार जाना, बाहर के रिश्तेदारों का आना,मुश्किल हो गया है.सरपंच सुनीता परमाल ने कहा कि कई बार गांव से शराब दुकान हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन दे चुके है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है. गांव की नंदलाल, सीमा, सुनीता, गेंदकुवर, विष्णु, कांता, गुड्डी, सुमित्रा, नर्मदा, सीमा, साजन, मधु, चांद बाई, कविता आदि ने प्रशासन से तत्काल ग्राम चुपाडिया में खुली शराब दुकान बंद कराने की मांग की है.



### कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को वितरित किए कंबल

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के संकल्प वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात की और सर्दी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी. उन्होंने बुजुर्गों से संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने, गर्म कपड़े पहनने और नियमित दवाइयों का सेवन करने का आग्रह किया. इसके साथ ही उन्होंने शरीरिक सक्रियता के लिए पैदल चलना, हल्का व्यायाम या योग करने की सलाह दी. कलेक्टर ने सभी बुजुर्गों को कंबल वितरित किए. इस अवसर पर जीएम डीआईसी अनुराग वर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय महेश यादव तथा वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह उपस्थित थे.



### शिव परिवार शीतला माता,हनुमान प्रतिमा की स्थापना आज

**सीहोर.** आज चाणक्यपुरी में राजराजेश्वरी माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा. बीते दिनों से शिव परिवार,शीतला माता व संकट मोचन हनुमानजी महाराज की प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. आयोजन समिति के पं. सुनील शर्मा ने बताया कि कथा वाचक प.रविन्द्राचार्य शर्मा द्वारा प्रतिदिन शिव महापुराण कथा का वाचन श्रद्धालुओं के समक्ष किया जा रहा था. मंदिर के पूजारी पं. संजय तिवारी, पं. शेलेश तिवारी, पं. अखिलेश शास्त्री, पं. वीरेंद्र शास्त्री, पं.अनमोल शास्त्री द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आज संपन्न कराए जाएंगे.



### बीएलओ घर-घर जाकर कर रहे गणना फार्म संग्रह

**सीहोर.** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को तेजी से संचालित किया जा रहा है. सभी बीएलओ अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्र क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से गणना फार्म एकत्र कर रहे हैं और प्राप्त जानकारी को 'बीएलओ मोबाइल एप' पर अपलोड कर रहे हैं. एसआईआर की प्रगति पर सतत निगरानी के लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं नोडल अधिकारी लगातार फील्ड भ्रमण कर रहे हैं और बीएलओ के कार्य की मॉनिटरिंग कर आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे हैं. अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ सके तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक न रहे. कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार यह पूरा अभियान समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से चलाया जा रहा है.

# गौरक्षकों ने पीछा कर गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा

## राजस्थान से आ रहे ट्रक में बोरों के बंडलों के नीचे छुपाकर रखे थे गौवंश, दो आरोपी गिरफ्तार, दो फरार



**सीहोर.** मंगलवार की दोपहर गौरक्षकों ने दोराहा थाना क्षेत्र में एक ट्रक को पकड़ा जिसमें बोरों के नीचे गौवंश भरे पाए गए.

- राजस्थान से ट्रक का पीछा करते आ रहे थे गौरक्षक
- गौवंश को झरखेड़ा की गौशाला में रखा गया

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 25 नवंबर. ट्रक में भरे टॉट के बंडलों को जब हटाकर अंदर देखा तो वहां मौजूद गौरक्षकों के कलेजे हिल गए. ट्रक के अंदर गौवंश को निर्दयतापूर्वक बांधकर रखा गया था. उनके ऊपर बोरों के बंडल रखे थे ताकि उनकी आवाज बाहर न आ सके. गौ तस्करों का पीछा करते आ रहे राजस्थान के गौरक्षकों ने स्थानीय गौरक्षकों की मदद से दोराहा थाना क्षेत्र के इमलिया टप्पर के समीप ट्रक को रोक लिया. इस दौरान चालक व क्लीनर कूदकर भाग निकलने में कामयाब हो गए जबकि दो लोगों को दबोच लिया गया. गौवंश की तस्करी में लिप्त ट्रक की नंबर प्लेट को हटाकर देखा गया तो एक और नंबर प्लेट अंदर लगी मिली. पुलिस ने हिरासत में लेकर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है.**

जिले की सीमा से अवैध रूप से गौवंश का परिवहन करने वालों के खिलाफ मंगलवार को गौरक्षकों को बड़ी सफलता मिल गई. बताया जाता है कि राजस्थान के टोंक जिले से एक ट्रक क्रमांक आरजे 26जीए 7357 जूट के बोरों के बंडल भरकर चला था.

### पशु क्रूरता एक्ट के तहत कार्रवाई

ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो बोरों के बंडल के नीचे गौवंश नजर आए.आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.वाहन के दो पंजीयन नंबर होने पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी.

**राजेश सिन्हा,**
थाना प्रभारी दोराहा

### राजस्थान से ट्रक का पीछा करते आ रहे थे गौरक्षक

सूत्रों की मानें तो राजस्थान के गौरक्षकों को भनक लग गई थी कि ट्रक में गौवंश का परिवहन किया जा रहा है. नतीजतन उन्होंने ट्रक का पीछा शुरू किया. इस दौरान उन्होंने श्यामपुर- दोराहा के हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को सूचित किया. दोराहा थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया टप्पर के समीप ट्रक को रोका गया तो उसका चालक और क्लीनर कूदकर भाग निकले. इस दौरान सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी. गौरक्षकों ने जब ट्रक में लदे बोरों के बंडलों को हटाना शुरू किया तो उसमें छुपकर बैठे दो लोग नजर आए. उन्हें पुलिस के हवाले करने के बाद जब गौरक्षकों ने अंदर झांका तो देखा कि गौवंश को निर्दयतापूर्वक बांधकर रखा था.

### पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों से पूछताछ शुरू

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनीष मेवाड़ा, जगदीश पाटीदार, दिलीप पाटीदार और आशीष सिंह सिसोदिया ने कार्यकर्ताओं की मदद से सभी गौवंश को ट्रक से नीचे उतारा. इस दौरान एक गौवंश की मौत हो गई थी जबकि 28 दयनीय स्थिति में थे. सभी गौवंश को झरखेड़ा की गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया है. दोराहा पुलिस ने ट्रक के साथ मिले आरोपी अब्दुल सत्तार आ.अलादीन इस्लामपुर थाना नुक्कड़ तहसील मानपुर राजस्थान और मुंशी आ. जुम्मा खान निवासी इस्लामपुर थाना नुक्कड़ तहसील मानपुर जिला टोंक को गिरफ्तार करते हुए उनसे पूछताछ शुरू कर दी है.

### ट्रक पर लगी थी दो नंबर प्लेट

अवैध रूप से गौवंश की तस्करी करने वाले ट्रक की नंबर प्लेट को एक जगह से उखड़ा देख गौरक्षकों को शंका हुई. उन्होंने ऊपर लगी नंबर प्लेट क्रमांक आरजे 26जीए 7357 को उठाकर देखा तो अंदर एक और नंबर प्लेट नजर आई. जिस पर यूपी 31 टी 9688 नंबर पाया गया. इस तरह दोराहा थाना पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के अलावा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी.

### पीलिया से ग्रसित हुए निजी कॉलेज के छात्र

**सीहोर.** जिले के ग्राम कोठरी स्थित निजी कॉलेज में कई बच्चों के बीमार होने की जानकारी मिली है. इन बच्चों को पीलिया और वायरल फीवर बताया गया है. सावधानी बरतते हुए कॉलेज प्रबंधन ने 23 बच्चों को उनके घर भेज दिया है. इस मामले में कई अभिभावकों ने जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी थी, जिस पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम कॉलेज पहुंची और बच्चों की जांच की. जानकारी के अनुसार कोठरी में अशासकीय कॉलेज में छात्रों के बीमार होने की सूचना पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम कॉलेज पहुंची थी. सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया टीम के साथ खुद गए थे। उन्होंने बताया कि पीलिया और वायरल फीवर से कई बच्चों के बीमार होने की सूचना मिली थी। कॉलेज में जाने पर पता चला कि यहां पर 23 छात्र पीड़ित थे जिन्हें कॉलेज प्रबंधन ने उनके घर भेज दिया था. एक छात्र बीमार मिला है। उन्होंने बताया कि कुछ छात्रों को वायरल फीवर की शिकायत भी है. इधर कॉलज में अध्ययनरत बच्चों ने अपने अभिभावकों को बताया कि जो पानी आ रहा है वह ठीक नहीं है. इसलिए वह बीमार हो रहे हैं. हालांकि इस संबंध में जब कॉलेज के रजिस्ट्रार से संपर्क करना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका. हालांकि इस मामले में सीएमएचओ डॉ. डेहरिया का कहना है कि बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं.

### जुआ खेलते तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**रेहटी.** थाना पुलिस ने समीप के ग्राम इटावा जदीद में अवैध रूप से ताश पत्तों से हार जीत का दाव लगा रहे तीन जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार करते हुए उनके पास से ताश पत्ते और 9 हजार रुपए से अधिक की राशि बरामद की है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि ग्राम इटावा जदीद के एक मकान में कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं. पुलिस ने दबिश देकर वहां से तीन जुआरियों राजेन्द्र आ. नेपाल सिंह, अर्जुन चौहान आ. नर्मदा सिंह चौहान और सुमित आ. सुनील वाल्मीकि को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से 1200 रुपए तथा फड़ से 7950 रुपए कुल 9 हजार 150 रुपए नगदी व ताश पत्ते जब्त किए हैं. आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है.

# गिरफ्तारी के डर से मां की अंत्येष्टि में भी नहीं आया था आरोपी

- ढाई माह पूर्व चोरी की वारदात को दिया था अंजाम
- पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर माल जब्त किया

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 25 नवंबर.** पकड़े जाने के भय से चोरी का आरोपी अपनी मां के अंतिम संस्कार में भी नहीं पहुंचा, क्योंकि उसे भनक लग गई थी कि पुलिस घात लगाए बैठी है और उसके पहुंचते ही उसे धर दबोच लेगी.

गौरतलब है कि ढाई महीने पहले गणेश मंदिर के पीछे कान्हा स्टेट कालोनी में बदमाशों ने एक सूने आवास को निशाना बनाया और फ्रिज, वॉशिंग मशीन, साइकिल व बाइक ऑटो में रखकर ले गए थे. पुलिस तभी से मामले की छानबीन में लगी थी. बाद में मुख्य आरोपी का फिंगर प्रिंट काम आया और पुलिस मुख्य आरोपी तक पहुंची. आरोपियों को मंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गणेश मंदिर के पीछे कान्हा स्टेट कालोनी निवासी मनोजसिंह पिता स्व. वीरेंद्र बहादुर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और घर स सामान चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता की रिपोर्ट पर थाना मंडी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. फरियादी मुंबई में नौकरी करता है. घर में कोई नहीं रहता था. वह कभी यहां पर आता था. बताया जाता है कि ताला टूटे होने की सूचना पड़ोसियों ने जब दी तो वह सीहोर पहुंचा और यहां आकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

पुलिस ने इस मामले में कई मुखबिर लगाए. इस दौरान मौके से फिंगर प्रिंट भी लिए. जब इन्हें आसपास के थानों में भेजा गया तो यह दीप सिंह निवासी शक्ति नगर कालोनी खजूरी सड़क जिला भोपाल के फिंगर प्रिंट से मैच हुए. इससे यह साफ हो गया कि दीप सिंह इस वारदात में शामिल था. आरोपी दीप सिंह के खजूरी और दोराहा थाना में कई मामले दर्ज हैं. इन मामलों में दोनों थानों की पुलिस इसकी 6 महीने से तलाश कर रही थी लेकिन यह पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहा था. पुलिस ने चोरी गया सामान और इस ऑटो को भी जब्त कर लिया है.

### 11 दिन तक घात लगाकर इंतजार करती रही पुलिस

इस बीच दीप सिंह की माता का निधन हुआ तो सीहोर मंडी थाना पुलिस शक्ति नगर कालोनी खजूरी सड़क भोपाल पहुंची और आरोपी के घर पर नजर रखी. लगातार 11 दिन तक उसके आने का इंतजार किया लेकिन आरोपी को इसकी भनक लग गई और वह घर पर नहीं आया. बताया जाता है कि इस दौरान पुलिस को पता चला कि इसका यहां पर एक मित्र है जिसे आरोपी दूसरे नंबर से कॉल करता था. जब उस मित्र से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बात होना स्वीकार किया। इस पर आरोपी की लोकेशन शाहजहानाबाद भोपाल की मिली जहां से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जब इससे पूछताछ की तो उसने अपने साथी इरशाद खां पिता इकबाल खां निवासी मुकेरी मोहल्ला गंज एवं किशन नामदेव पिता ज्ञानी नामदेव निवासी स्वदेश नगर बस स्टेंड के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया.




# किक बाक्सिंग में छात्राओं का सराहनीय प्रदर्शन

- बरखेड़ा हसन की छात्राओं ने जीते 21 पदक
- छात्राओं को हॉस्टल प्रबंधन व खेलप्रेमियों ने दी बधाई

**नवभारत न्यूज**

**दोराहा 25 नवम्बर.** खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में हायर सेकेंडरी हॉस्टल, बरखेड़ा हसन की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 21 पदक अपने नाम किए. प्रतियोगिता में 31 छात्राओं ने भाग लिया था.

हॉस्टल की खिलाड़ी पूर्ति गौर, सीता गुर्जर, दिव्या गुर्जर, कामना गुर्जर, लक्ष्मी मीना, नीलू लोधी, और संध्या अहिरवार 7 स्वर्ण पदक, वहीं प्रतिज्ञा गुर्जर, सिया गुर्जर, उमा राव, पूजा गुर्जर, आशा चौहान और क्रांति गौर 6 रजत पदक एवं पूनम गुर्जर, सिखा कुशवाह, रिंकी गौर, नेहा गौर, पायल अहिरवार, लक्ष्मी गौर, सिमरन अहिरवार, अवंतिका सिसोदिया ने 8 कांस्य पदक अपने नाम किए. हॉस्टल की वॉर्डन लीला सिसोदिया ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं. टीम के कोच अनिल पुरविया ने कहा कि यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है.



### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने असमस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए.

# संविधान दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 25 नवंबर.** जिला मुख्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाएगा. इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक में अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है. इस अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों एवं विभिन्न विभागों में प्रस्तावना वाचन, जनजागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठियों तथा विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन द्वारा निर्धारित गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें, उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर, 1949 के दिन, भारतीय संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकृत किया और 26 जनवरी, 1950 को इसे लागू किया गया, जिससे भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ. वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 1949 में भारतीय संविधान को अंगीकृत किए जाने के सम्मान में औपचारिक रूप से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया. तब से प्रत्येक वर्ष इस दिन संविधान की महिमा का उत्सव मनाया जाता है.

**धार्मिक** — दशहरा मैदान में श्रीमद भागवत प्रज्ञा पुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

# संस्कारवान, नशामुक्त और आदर्श युवा ही सच्चे राष्ट्र निर्माता

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 25 नवंबर.** नगर के दशहरा मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा में मुख्य अतिथि श्री-श्री नर्मदेश्वर1008 अवधूत बापू जी महाराज पधारे, नर्मदापुरम की सांसद माया नारोलिया, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता मालवीय, योगी योगानंद मिश्रा प्राण योग विशेषज्ञ ने देवपूजन किया.

श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण का पूजन करने के बाद कथा व्यास श्री अमृते से आशीर्वाद लिया और आज की कथा में कथा व्यास श्री सूरत सिंह अमृते ने बताया कि भारतीय संस्कृति में ऋषि परंपरा, संस्कारों का महत्व एवं वर्तमान युवा पीढ़ी को नशामुक्त बनाकर भारत को पुनः गौरवशाली राष्ट्र बनाने के उद्देष्य को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से हापुड़ जिले में धौलाना में अपने चार दिवसीय प्रवास पर आई टोली द्वार 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से परम पूज्य गुरूदेव आचार्य पं श्रीराम शर्मा के युग निर्माण मिशन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया.

हरिद्वार से आए टोली नायक श्री अमृते ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से कई टोलियां पूरे भारत में निकली हैं, जो युवाओं को मिशन के सप्तसूत्रीय क्रांतिकारी आंदोलनों से जोडक़र उनमें नई आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्र जागरण के प्रति नई ऊर्जा का संचार करेंगी. श्री अमृते ने बताया कि हमारी प्राचीन भारतीय ऋषि संस्कृति सारी दुनिया में फैली हुई थी. जिससे बच्चों में संस्कार एवं आदर्श भरे थे इसलिए हमारा देश कभी ज्ञान के क्षेत्र में जगद्गुरु था धन के क्षेत्र में सोने की चिडिया कहलाता था.वही संस्कार परंपरा आज पुनः जागृत हो एवं भारत विश्व गुरू बनकर उभरे इसके लिए शांतिकुंज हरिद्वार विचार क्रांति अभियान के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं युग निर्माण हेतु लगातार प्रयासरत है. टोली नायक अमृते एवं उनके सहायक बनवारी लाल सैनी, सोमार नागेश, नीरज विश्वकर्मा, मनीष साहू एवं 51 गांव के भाई बहनों के द्वारा समयदानी युवाओं एवं महिलाओं को संकल्प दिलाकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई.



### राम विवाह में सम्मिलित हुईं अरुणा राय

**सीहोर.** अयोध्या की तर्ज पर राठौर समाज श्रीराम मंदिर कस्बा में मंगलवार को श्रीराम जानकी मंगल विवाह महोत्सव आयोजित किया गया. कार्यक्रम में श्रीमती अरूणा सुदेश राय ने सम्मिलित होकर माता सीता की प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना कर मंगल विवाह प्रारंभ किया. शुक्ल पंचमी को प्रभु श्रीराम-माता जानकी जी का विवाह हर्षोउल्लास से श्रद्धालुओं के द्वारा सम्पन्न कराया गया. आयोजन समिति के द्वारा रामजी की बारात निकाली गई. बारात ने अयोध्या बने हनुमान फाटक कस्बा से समधी-महाराजा जनक के राम मंदिर राठौर समाज कस्बा में प्रस्थान किया. श्रीमती अरूणा सुदेश राय ने राम बारात का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.